







## अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावितों से मिले पूर्व राज्यसभा सांसद

नवभारत न्यूज

**सिरमौर, 4 सितम्बर, पूर्व राज्य सभा सांसद राजमणि पटेल ने सिरमौर विधान सभा में नगर पंचायत बैकुंठपुर, गाढ़ा - 138, अंतरैला, रामगढ़वा, भितरी, पिपरी ग्रामों में जनसंपर्क कर अति वृष्टि और बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की.**

बैकुंठपुर नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक 2 मुस्लिम बस्ती में 10-12 दुकानों और घरों में 12-1 5 दिनों से भरा हुआ है पानी की निकासी नहीं होने की वजह से दुकानों में रखा सामान और खाद्य सामग्री खराब हो गई है. वार्ड 11, 13 एवं 14 में कुछ लोगों के घर गिर गए हैं तो कुछ लोगों के छतिग्रस्त हो गए हैं. मोहम्मद फारूक अंसारी, अजमेरा अंसारी, मोहम्मद यासीन का घर गिर गया है. बेवा मजीदन बानो पति स्वर्गीय शमीदुल हक, सालिया बनो, शमीमुल हक, मोहम्मद बशीर, के घर छतिग्रस्त हो गए हैं. ग्राम पंचायत गाढ़ा - 138 लाही टोला में गेंदलाल माझी, मुन्नालाल माझी का घर गिर गया है. इसी तरह दलित बस्ती में भी कई लोग प्रभावित हुए है.

राजमणि पटेल ने प्रशासनिक अधिकारियो से तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिये जाने की मांग की है. जनसंपर्क में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पटेल, बैकुंठपुर मंडलम अध्यक्ष मुजीब खान, रामनरेश दयाल, धनेंद्र द्विवेदी, एस. के. सिंह, रामायण पटेल भी मौजूद थे.

# अतिवृष्टि के बाद जलभराव वाले क्षेत्रों में तेजी से बहाल हो रही सामान्य स्थिति

### कलेक्टर-एसपी ने प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, हरदी बाजार में स्पीड ब्रेकर और साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 सितम्बर, कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया. गौरी में घरों में भरे पानी की निकासी के लिए तहसीलदार द्वारा नाली खुलवाकर जल निकासी कराई गई.**



इसी प्रकार हरदी एवं शाहपुर में भी जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी निकालने की व्यवस्था की जा रही है. शाहपुर में मोटर पंप के माध्यम से पानी निकासी का कार्य निरंतर जारी है. अधिकारियों की मौजूदगी में आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रभावित मार्ग को भी आवागमन के लिए खुलवाया गया।जिले में अतिवृष्टि के बाद उत्पन्न जलभराव की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है. जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य निरंतर संचालित किए जा रहे हैं. राजस्व एवं पंचायत अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर जल निकासी, आवागमन बहाली तथा अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है. राजस्व अमले द्वारा अतिवृष्टि से हुई क्षति का मौके पर पहुंचकर आकलन किया जा रहा है. कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि अतिवृष्टि से हुई क्षति का स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें तथा जिन परिवारों के खाद्यान्न को नुकसान हुआ है, उनकी जानकारी संकलित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें. निरीक्षण के दौरान एसडीएम हनुमना राजेश मेहता गुप्ता, तहसीलदार शिवम गौतम, चौकी प्रभारी मौजूद रहे.

#### हरदी बाजार में सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हरदी बाजार का भी निरीक्षण किया. उन्होंने बाजार क्षेत्र में आवागमन एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए सड़क सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्पीड ब्रेकर एवं साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, ताकि बाजार क्षेत्र में वाहनों की गति नियंत्रित रहे और आमजन को आवागमन में सुविधा के साथ सुरक्षा मिल सके. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा जलभराव की स्थिति सामान्य होने तक मैदानी अमला लगातार सक्रिय रहकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे.

## धान उपार्जन के लिए पंजीयन 15 से 10 अक्टूबर तक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 सितम्बर, किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाएगा.**

उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है. ऑनलाइन पंजीयन 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक किया जायेगा. कलेक्टर ने बताया कि किसान ग्राम पंचायत कार्यालय के सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियों एवं खरीदी केन्द्रों में निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं. एमपी किसान एप अपने एन्ड्रायड मोबाइल पर डाउनलोड करके किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं. कलेक्टर ने किसानों से समय पर पंजीयन कराने की अपील की है.

## दुआरी में नहीं खुली पुलिस चौकी, मनगवां में जोड़े जाने के कारण उठानी पड़ रही परेशानी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 सितम्बर, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जरहा, गौरा, अमवा 5, तमरादेश के लोगों को पुलिस चौकी मनिकवार थाना मनगवां में जोड़े जाने के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है.**

अगर कोई घटना घट जाती है तो बारिश का मौसम होने के कारण नदियां उफान पर है आवागमन प्रभावित हो जाता है कोई ऐसी अप्रिय घटनाएं घट जाती है तो मनगवां थाना जाना पड़ता है एवं मेडिकल रिपोर्ट के लिए गंगेव जाना पड़ता है जो कि यहां से 50 किलोमीटर की दूरी में है.

पहले उपरोक्त गांव गुढ़ थाने में जुड़े होने के कारण सुविधा मिल रही थी मगर अब कोई ऐसी घटनाएं घट जाती है जिससे आवा गमन प्रभावित होने के कारण जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवी पूर्व मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अरुण सिंह जरहा एवं सरपंच शिवेंद्र सिंह जरहा ने कहा है कि अगर पुलिस चौकी दुआरी में नहीं खोली जाती है तो हम लोग आंदोलन प्रदर्शन करेंगे. जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी.




जन्माष्टमी कार्यक्रम में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय व अन्य

# देवतालाब कॉलेज में भजन-नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों से कृष्णमय हुआ परिसर

नवभारत न्यूज

**देवतालाब, 4 सितम्बर, सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन उत्साह, उमंग और भक्तिभाव के साथ किया गया.**

भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने आयोजन में चार चांद लगा दिए. विद्यार्थियों एवं कलाकारों की प्रस्तुतियों से पूरा महाविद्यालय परिसर कृष्णमय नजर आया. कार्यक्रम में अध्ययनरत छात्रा अनुभवी सिंह की टीम ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया. वहीं निधि तिवारी एवं श्वेता पांडे ने भी भजनों की प्रस्तुति दी. भक्ति गीतों की स्वर लहरियों के बीच विद्यार्थी झूमते और तालियां बजाते नजर आए. श्रीकृष्ण की



लीलाओं एवं जीवन प्रसंगों पर आधारित नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया. रीति साकेत, पूजा साकेत, अनुष्का, जयपाली, खुशबू कुशवाहा, राखी साकेत, शीला पटेल एवं तान्या तोमर ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं. अनुष्का एवं जयपाली ने सामूहिक नृत्य, जबकि अन्य प्रतिभागियों ने एकल नृत्य की प्रस्तुति दी. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामनिवास पटेल ने प्रकोष्ठ प्रभारी विकास पाठक की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं से विद्यार्थियों को जोड़ने में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके कर्मयोग से प्रेरणा लेकर अनुशासन, कर्तव्य और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया. कार्यक्रम में प्रो. विकास पाठक, डॉ. प्रमोद मिश्रा, डॉ. विजय मिश्रा, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. विपेंद्र दुबे, डॉ. कमलेश मिश्रा, ज्ञानेन्द्र सिंह मौजूद रहे.

## श्रीकृष्ण के कर्मयोग और कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेने का संदेश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 सितम्बर, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय, मऊगंज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. पांडेय ने की. मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर पी.के. पांडेय उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. नीता मिश्रा ने सहभागिता की.

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शशि शंकर द्वारा किया गया. अपर कलेक्टर ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके द्वारा प्रतिपादित कर्म के सिद्धांत को वर्तमान जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया. उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए फल की चिंता किए बिना कर्म करते रहना चाहिए.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. पांडेय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला. कार्यक्रम में प्रो. अनवर खान, डॉ. सच्चिदानंद मिश्रा, डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. आशीष सोनगरिया, डॉ. सतीश मिश्रा, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. पंकज साहू, डॉ. के. के. विश्वकर्मा मौजूद रहे.

## जन-विश्वास अभियान पोर्टल का शुभारंभ

मऊगंज, 4 सितम्बर, मुख्यमंत्री के निर्देशों अनुसार जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की सेवा करते हुए 25 वर्ष पूरा करने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन से अभियान शुरू होगा. हम सब बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमें प्रधानमंत्री जैसे दूरदर्शी और देश को विकास की नई ऊंचाई देने वाले नेतृत्व के साथ कार्य करने का अवसर मिल रहा है.

## राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 सितम्बर, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व प्राचार्य श्रीमती रेखा मिश्रा के निर्देशन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया.**



इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, आदर्शों एवं उनके संदेशों पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम का संचालन डॉ. व्यास नारायण मिश्र, प्रभारी स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ द्वारा किया गया. कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व एवं उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया. वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस कार्यक्रम अधिकारी निशा सिंह ने कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ द्वारा संचालित सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षक रिहाना बानो के माध्यम से छात्राओं को सिलाई-कढ़ाई से संबंधित सामग्री वितरित की गई. कार्यक्रम में डॉ. भारत भूषण दुबे, श्रीमती दीपा कोल, रवि जी, दिलीप कुमार, अनिल सहित विद्यार्थियों में अंजू कुशवाहा, सोनू यादव, शरीफून निशा एवं अन्य छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही.

## तिरुपति-श्रीकालहस्ती यात्रा के लिए ट्रेन 12 अक्टूबर को रवाना होगी

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 सितम्बर, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तिरुपति- श्रीकालहस्ती के लिए रीवा स्पेशल ट्रेन 12 अक्टूबर को रवाना होगी. तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक प्राप्त किए जाएगे.**

आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते है. कलेक्टर ने बताया कि ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है, (महिलाओ के लिए दो वर्ष की छूट) तथा जो आयकर दाता नही है, को प्रदेश के भीतर एवं बाहर स्थित विभिन्न अधिसूचित तीर्थ स्थलो की यात्रा कराए जाने का प्रावधान है.


मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के प्रावधानों के तहत 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति जो अकेले यात्रा करने के लिए आवेदन करते है उन्हे एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता होगी. इसके अतिरिक्त 3 से 5 व्यक्तियो के समूह (जहां सभी सदस्य 65 वर्ष से अधिक आयु के हो) को एक सहायक ले जाने की अनुमति होगी.

## जन्माष्टमी पर श्री भैरव लोक पहुंचे गुढ़ विधायक

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 सितम्बर, श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने श्री भैरव लोक पहुंचकर श्री भैरव बाबा के दर्शन-पूजन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया.**

इस दौरान विधायक श्री सिंह ने श्री भैरव लोक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर परिसर की आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की. उन्होंने श्री भैरव लोक में कराए जाने वाले आवश्यक कार्यों की सूची तैयार करने के संबंध में भी चर्चा की.



मौके पर उपस्थित श्री भैरव लोक समिति के सदस्य एवं भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता से विधायक ने समिति के माध्यम से सूचीबद्ध कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने को लेकर चर्चा की. विधायक ने श्री भैरव लोक के विकास एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया.



## ब्रह्माकुमारीज में धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 4 अगस्त। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय सेवा केंद्र तपोवन परिसर, विंध्यनगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास और आध्यात्मिक उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आकर्षक एवं मनोहारी झांकी सजाई गई तथा बाल कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण की सुंदर लीलाओं का मंचन किया गया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शोभा बहन ने श्री कृष्ण की लीलाओं का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि दिव्य गुणों और शक्तियों से संपन्न मनुष्य आत्मा के श्रेष्ठ स्वरूप के प्रतीक हैं। राजयोग के निरंतर अभ्यास से मनुष्य आत्मा के अंदर दिव्य गुण और शक्तियां विकसित होती हैं और वह देवतुल्य बन जाती है। इसी अवस्था को 16 कलाओं से संपूर्ण, संपूर्ण निर्विकारी, मर्यादा पुरुषोत्तम और अहिंसा परमो धर्म के रूप में बताया गया है। इस अवसर पर भोपाल से आये ब्रह्माकुमार दीपेंद्र ने श्री कृष्ण की 16 कलाओं के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से श्री कृष्ण के माखन चोर स्वरूप का सुंदर आध्यात्मिक अर्थ समझाते हुए कहा कि श्री कृष्ण राजकुमार थे, उन्हें माखन चुराने की आवश्यकता नहीं थी। वास्तव में माखन यहां मनुष्य आत्माओं की विशेषताओं का प्रतीक है। कार्यक्रम में बाल कलाकारों प्रतीक्षा, प्रियंका, सुकन्या, नक्ष , अनाड़ी और मीठी बहन ने श्री कृष्ण की मनोहारी लीलाओं का मंचन कर सभी का मन मोह लिया। अंजू ने भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव के आध्यात्मिक रहस्य को सरल शब्दों में समझाया।

# सब रजिस्ट्रार दफ्तर बना दलालों का अड्डा !, मारपीट के बाद प्राइवेट लोगों पर उठे सवाल

### वायरल वीडियो ने बढ़ाई कार्यालय की मुश्किलें

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अगस्त। कलेक्ट्रेट भवन में संचालित उप पंजीयक कार्यालय बैढ़न में गत दिवस गुरुवार को सेवा प्रदाता पाठक ऑनलाइन के संचालक दिलीप पाठक के साथ हुई धक्का-मुक्की, मारपीट, गाली-गलौज और अभद्रता की घटना के बाद कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अब कार्यालय में निजी व्यक्तियों की मौजूदगी से लेकर उनके कामकाज और कथित बाउंसरों की तैनाती तक को लेकर चर्चाएं तेज हैं।**




इसी बीच ऑपरेटर धीरज सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात सामने आई है। वीडियो में धीरज सिंह कथित तौर पर सेवा प्रदाता दिलीप पाठक को धमकाते हुए दिखाई दे रहा है।

यही नहीं, वीडियो में वह उस केबिन के अंदर कंप्यूटर पर काम करता हुआ भी नजर आ रहा है, जहां उप पंजीयक बैठते हैं। यदि वीडियो की पुष्टि होती है तो सबसे बड़ा सवाल यही है कि धीरज सिंह शासकीय कर्मचारी है या निजी व्यक्ति, यदि वह निजी व्यक्ति है तो उप पंजीयक के केबिन में बैठकर कंप्यूटर पर काम करने की अनुमति उसे किसने दी? इस पूरे मामले की जांच की जरूरत है।

#### दलालों से सेवा प्रदाता व क्रेता-विक्रेता भी परेशान

सूत्रों के अनुसार कार्यालय में करीब आधा दर्जन निजी लोगों के सक्रिय होने की भी चर्चाएं हैं। जमीन, मकान और संपत्तियों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों वाले सरकारी कार्यालय में अनधिकृत व्यक्तियों की मौजूदगी सुरक्षा और गोपनीयता पर भी सवाल खड़े करती है। यदि किसी निजी व्यक्ति द्वारा दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ होती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? कथित बाउंसरों की मौजूदगी भी सवालों के घेरे में है। सरकारी कार्यालय में आखिर निजी बाउंसर रखने की जरूरत क्यों पड़ी और उन्हें किसके आदेश पर तैनात किया गया, उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि लगाए जा रहे आरोपों की पुष्टि निष्पक्ष जांच के बाद ही हो सकेगी। गुरुवार की घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली बैढ़न में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। अब जांच में मारपीट के साथ-साथ वायरल वीडियो, निजी व्यक्तियों की मौजूदगी और उनके अधिकार क्षेत्र की भी पड़ताल जरूरी मानी जा रही है।